<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1596

04 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने उत्पादों का निर्यात

1596. सुश्री सरोज पाण्डेयः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रति वर्ष कितने मिलियन टन इस्पात का उत्पादन किया जा रहा है और क्या भिलाई इस्पात संयंत्र अपने उत्पादों को दूसरे देशों को निर्यात कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस निर्यात से सरकार को प्रतिवर्ष कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) और (ख): वर्तमान वर्ष सहित गत तीन वर्षों में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन निम्नानुसार है:

(इकाई: मिलियन टन में)

वर्ष	**बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन**
2017-18	3.685
2018-19	3.673
2019-20 (अप्रैल-जनवरी, 2020)	3.286

भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादों का अन्य देशों को निर्यात किया जाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र से निर्यातित इस्पात की मात्रा तथा इस निर्यात से अर्जित राजस्व निम्नानुसार है:-

वर्ष	**मात्रा (टन)**	**मूल्य (रुपये)**
2017-18	26865	1,03,34,43,970
2018-19	18148	73,62,78,776
2019-20 (अप्रैल-जनवरी, 2020)	14639	55,13,30,847

*****